647510 **BRSHinFC101B** **Seat No :________**

# B.R.S. Semester - 1 (*CBCS*) Examination
## Jan/Feb.-2022 (NEW COURSE)
## HINDI (FOUNDATION-2)

**Time: 1:30 Hours** **Marks: 42**

**Instructions:**

1. Figures to the right indicate marks.
2. There are five questions in the question paper.
3. Answer any three of the following questions.

---

प्रश्न.१ 'दु: खवा में लासे कई मोरी सजनी' कहानी की कथावस्तु अपने शब्दोंमें लिखें। (१४)

प्रश्न.२ निम्नलिखित प्रश्नों के सूचनानुसार उत्तर दीजिए।

अ. कोरोना महामारी के लिए जो सावधानी रखनी चाहिए- उसने बारे में अपने छोटे भाई को पत्र लिखे। (०४)

ब. निम्नांकित कहावतों में से किन्हीं पांच कहावतों के अर्थ लिखिए। (०५)

१. सांप भी मरे, और लाढी भी ना दूहे।
२. चार दिनों की चांदनी फिर अंधेरी रात।
३. न- रहे बांस न बजे बांसूरी।
४. दुधारु गाय की-लाव भली।
५. नाच-न जाने आंगन टेढा।
६. न-भूतो-न भविष्यति।
७. जहाँ चाह वहाँ राह।

क. निम्नांकित परिच्छेद का संक्षेपण कीजिए। (०५)

किसी भी देश या काल के लिए जवान तथा शिक्षक दोनों ही महत्वपूर्ण हैं। किसी एक के बिना समाज सुरक्षित नहीं रह सकता। दोनों हीं समाज के रक्षक हैं, किंतु उनके कार्यो में भिन्नता दिखाई पडती है। जवान-सैनिक शत्रुओं से देश की रक्षा करता हैं, तो फिर-भी शिक्षक का उत्तर दायित्व जवान से कहीं बदकर है। भावी नागरिक निर्माण करने की जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर है वह उसके शारीरिक, मानसिक तथा नैतिक विकास का जनक है, जिस पर व्यक्ति समाज तथा राष्ट्र निर्भर है। शिक्षक के ही द्वारा योग्य सैनिक बन सफता है। हमारे अहिंसक आंदोलनने दुनिया को दिखा दिया है की शिक्षक सैनिक से कहीं श्रेयठ है।

प्रश्न.३ निम्नांकित संदर्भोमें से किन्हीं दो संदर्भो की व्याख्या दीजिए। (१४)

१. खूबसूरती की हाटमें जिनका कारोबार है वे मुहोब्बत को क्या समझेंगें।
२. काम करते समय सिरचन की तन्मयतामें जरा भी बाधा पडी, वो गेंहुअन सांप की तरह फुफकार उठता- फिर किसी दूसरे से करवा लिजीए काम, सिरचन, मुंहजोर है, कामचोर नहीं।
३. दु:खी की काश को खेतमें गिध और गीधड, कुत्ते और कौवे नाच रहे थे। यही जीवन पर्यन्त की भकित, सेवा और निष्ठा का पुरस्कार था।
४. मानो दुनिया की बेंहयाई ढकने के किए प्रकृत्ति ने शव के लिए सफेद और ठंडे कफन का प्रबंध कर दिया था।
५. डयोदी से पर्दा हटने के साथ ही जैसे चौधरी के जीवन की डार टुट गई।

प्रश्न.४ जैनेन्द्रकुमार लिखीत अपना-अपना भाग्य कहानी का सारांश और उसमें चित्रित सामाजिक आर्थिक विषमता लिखें। (१४)

प्रश्न.५ सलीमा का चरित्र-चित्रण कीजिए। (१४)

*******************************